DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE


THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
WEDNESDAY, DECEMBER 13, 2023

DATED

# DDA: All EWS, LIG flats in Dwarka sold on Day 1

Times News Network

Picture for representation



The flats cost Rs 11-23 lakh

**New Delhi:** The Delhi Development Authority (DDA) claimed to have sold out all newly constructed EWS and LIG flats in Dwarka under the Festival Special Housing Scheme 2023 on the first day of the booking on Monday.

The registration for the scheme, under which flats are being offered on the first come, first served (FCFS) basis, began on November 24 and will close on March 31, 2024. The booking of flats began on December 11.

"We have sold 1,008 EWS flats and 316 LIG flats in Dwarka's Sector 14. Around 1,500 flats have been booked in Dwarka, Narela and Loknayakpuram under the FCFS housing scheme on Day 1, which include over 1,100 EWS and around 400 LIG flats," said an official. The total registration under the scheme is around 12,500.

Under the scheme, over 32,000 flats of various categories are being offered in Dwarka, Loknayakpuram and Narela. It includes 728 economically weaker section flats in Sector 19B in Dwarka, 316 low-income group flats and 1,008 EWS flats in Sector 14 Dwarka, 224 EWS flats in Loknayakpuram and over 28,000 in Narela. The EWS flats cost upwards of Rs 11.5 lakh, LIG ones start from Rs 23 lakh, mid-income group from Rs 1 crore, high-income group flats from Rs 1.4 crore, super HIGs from Rs 2.5 crore and penthouses from Rs 5 crore.

"We are getting encouraging response and expecting selling out the maximum number of flats under this scheme," said an official. "People are admiring the features we have added this time, the quality of construction, and the common areas we have developed. Emphasis is being given to develop other infrastructure facilities in and around the complexes in Narela," said an official.

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली
बुधवार
13 दिसंबर 2023

# डीडीए के 15 सौ फ्लैट बुक कराए

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पहले आओ-पहले पाओ आवासीय योजना के तहत निकाले गए फ्लैटों की बुकिंग सोमवार से शुरू हो चुकी है। पहले दिन 1500 फ्लैटों की आवेदनकर्ताओं ने बुकिंग करा लिए हैं।

डीडीए के अधिकारियों के अनुसार द्वारका, नरेला और लोकनायक पुरम में 1100 से अधिक ईडब्ल्यूएस और लगभग 400 एलआईजी फ्लैटों को आवेदनकर्ताओं ने बुक कराया है। इसमें द्वारका सेक्टर-14 के सभी ईडब्ल्यूएस फ्लैट बुक करा लिए गए हैं। पहले आओ पहले पाओ के तहत 12,500 पंजीकरण कराए गए हैं।

# द्वारका में अगले वर्ष तक साइकिल ट्रैक का कार्य पूरा करने का लक्ष्य

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारका में साइकिल ट्रैक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इस साइकिल ट्रैक को मेट्रो स्टेशनों से भी जोड़ा जाएगा। फूड कोर्ट बनाने की योजना भी बनाई गई है। कई खाने की दुकानों के लिए जगह की भी पहचान की गई है। इसमें 20 से 30 खाने की दुकानें स्थापित होंगी।

**2**

■ फूड कोर्ट भी शुरू होगा, इसमें 20 से 30 खाने के सामान की दुकानें स्थापित की जाएंगी

इन सभी विकास कार्यों को अगले वर्ष मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। साथ ही द्वारका में नाले की मरम्मत कार्य भी शुरू किया गया है। यह नाला द्वारका के सेक्टर-8 से शुरू होता है। 5.2 किलोमीटर के लंबे इस नाले का मरम्मत कार्य दोनों तरफ से समय पर पूरा करने की योजना है। यह नाला द्वारका सेक्टर-9, 23 और 24 को भी जोड़ता है। नाले के दोनों तरफ सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पार्क के साथ कई पौधे भी लगाने की योजना है। ये सभी प्रोजेक्ट पूरे होने से द्वारका के विभिन्न सेक्टरों में रहने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। डीडीए के अधिकारियों ने बताया कि इन सभी परियोजनाओं को अगले वर्ष मार्च तक पूरा करने की नीति बनाई गई है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

www.delhi.nbt.in । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 13 दिसंबर 2023 दिल्ली : महानगर : महाकवरेज

मोहन गार्डन। अर्जुन नगर। छतरपुर। शिवालिक। घोंडा। गुरु नानक नगर। मीरा बाग। खेल गांव। गौतम नगर। पुष्प विहार। नांगलोई। बादली। रमेश पार्क। दरियागंज। सुभाष नगर। दल्लुपुरा।

# ड्रेन किनारे कर सकेंगे साइकलिंग और वॉक

## द्वारका के लोगों के लिए DDA ड्रेन के किनारे तैयार कर रहा है पब्लिक स्पेस

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**द्वारका के** लोग जल्द ही साफ-सुथरी ड्रेन के किनारे साइकल चलाते और वॉक करते नजर आएंगे। ट्रंक ड्रेन नंबर दो और पांच के किनारे डीडीए इसी तरह के पब्लिक स्पेस तैयार कर रहा है। उम्मीद है कि इसका काम मार्च 2024 तक पूरा हो जाएगा।

द्वारका के ट्रंक ड्रेन-2 के किनारे की जगह को विकसित किया जा रहा है। यहां ड्रेन के दोनों तरह साइकल ट्रैक और वॉकिंग ट्रैक बनाया जा रहा है। यह ड्रेन द्वारका सेक्टर-8 से शुरू होकर द्वारका सेक्टर-9, सेक्टर-23, सेक्टर-14 को कनेक्ट करता है। इसकी लंबाई 5.2 किलोमीटर है। प्रोजेक्ट के तहत ड्रेन में मिलने वाले गंदे नालों को पहले ट्रैप किया जाएगा। इसके बाद उसके पानी को ट्रीट किया जाएगा। साफ पानी ही ट्रंक ड्रेन-2 में जा पाएगा। ड्रेन के दोनों तरफ एसटीपी पार्क, नेचर ट्रेल, ओपन एयर फूड कोर्ट, ओपन एयर थिएटर, दो इकोलॉजिकल जोन बनाए जा रहे हैं। डीडीए के अधिकारी के अनुसार प्रोजेक्ट पर काम तेजी से किया जा रहा है। साइकल ट्रैक और ग्रीन एरिया का काम लगभग पूरा हो चुका है।

ट्रंक ड्रेन-5 के किनारे भी इसी तरह का काम चल रहा है। यहां पर 3.8 किलोमीटर के ड्रेन के हिस्से को पब्लिक स्पेस बनाया जा रहा है। यह ड्रेन सेक्टर-15, 13, 14, 17 और 16 से गुजर रही है। प्रोजेक्ट में सेक्टर-9 मेट्रो स्टेशन के पास अमृत धारा और सेक्टर-13 मेट्रो स्टेशन के पास अमृत रस नाम से फूड कोर्ट बनाए गए हैं। इन दोनों फूड कोर्ट का काम पूरा हो चुका है। यहां पर खाने-पीने की चीजों के कई स्टॉल होंगे। दोनों फूड कोर्ट साइकल ट्रैक से जुड़े हुए हैं।

**2024** मार्च तक काम पूरा होने की है उम्मीद | **02** ट्रंक ड्रेन के किनारे तेजी से हो रहा है काम | **3.8** किलोमीटर है इस पूरे स्पेस की लंबाई



साइकल ट्रैक और ग्रीन एरिया का काम लगभग पूरा हो चुका है। यहां पर खाने-पीने की चीजों के कई स्टॉल होंगे

### लग्ज़री अपार्टमेंट के पास से गुजर रही है ड्रेन

डीडीए के सुपर लग्जरी फ्लैट्स, पैंटहाउस और सुपर एचआईजी से सटकर यह ड्रेन गुजर रही है। इस लग्जरी अपार्टमेंट के कुछ फ्लैट्स से ड्रेन के आसपास का यह खूबसूरत नजारा भी नजर आएगा। पैंटहाउस के बाहर निकलते ही इस पब्लिक स्पेस के लिए एंट्री भी दी गई है।

### क्रॉसिंग रोड पर होंगे एलिवेटेड साइकल ट्रैक

साइकल ट्रैक के जरिए लोग साइकल से या वॉक करते हुए नजदीकी मेट्रो स्टेशन तक पहुंच सकेंगे। रास्ते में पड़ने वाले इंटरसेक्शन पर साइकलिस्टों को परेशानी न हो इसके लिए क्रॉसिंग रोड पर एलिवेटेड ट्रैक भी बनाए गए हैं।

हिन्दुस्तान नई दिल्ली, बुधवार, 13 दिसंबर 2023

# कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन पर मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण होगा

**सुविधा** 1

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन के पास भूमिगत मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। डीएमआरसी ने इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अगले साल से इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। पूर्वी दिल्ली के इस इंटरचेंज स्टेशन पर लोगों को बेहतर पार्किंग की सुविधा मिलेगी।

मल्टी लेवल पार्किंग पर करीब 41.47 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। दो वर्ष में 6070 वर्गमीटर क्षेत्र में यह पार्किंग तैयार की जाएगी। इसमें 170 कार पार्क करने की सुविधा मिलेगी। कड़कड़डूमा इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन है। यहां ब्लू लाइन और पिंक लाइन आपस में मिलती हैं। इस स्टेशन पर करीब चालीस हजार यात्री रोज पहुंचते हैं। आसपास आवासीय और व्यवसायिक विकास के लिए डीडीए की योजना प्रस्तावित है।

डीएमआरसी ने यात्रियों की सुविधा के लिए पहले ही पार्किंग बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके चलते कडकड़डूमा पर मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाई जाएगी। यहां पहले से एक पार्किंग की सुविधा है, लेकिन आने वाले समय में यात्रियों की संभावित संख्या को देखते हुए एक और पार्किंग बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा स्टेशन को मल्टीमाडल ट्रांजिट स्टेशन के तौर पर विकसित किया जाएगा। यहां आटो, कैब और ई-रिक्शा के लिए अलग-अलग लेन की सुविधा होगी। इससे आने वाले समय में जाम की समस्या नहीं होगी।